# पहले निडर बनो फिर लीडर बन जाओगे

## 'परीक्षा पे चर्चा' के 9वें एडिशन का दूसरा एपिसोड, देशभर से आए छात्रों से की मुलाकात



**नई दिल्ली, 09 फरवरी. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को 'परीक्षा पे चर्चा' के 9वें एडिशन के दूसरे एपिसोड में देशभर से आए छात्रों से मुलाकात की.**

पीएम मोदी कोयंबटूर से छत्तीसगढ़ पहुंचे और बच्चों से बात की. इसके बाद पीएम गुवाहाटी के अष्टलक्ष्मी पहुंचे. पीएम ने कहा कि कभी भी टेक्नोलॉजी का गुलाम नहीं बनना चाहिए. टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल क्षमता बढ़ाने में करें. पीएम ने बच्चों को पढ़ने के साथ, लिखकर प्रैक्टिस करने की सलाह दी. साथ ही बच्चों से कहा कि पहले निडर बनो फिर लीडर बन जाओगे. इसी के साथ उन्होंने कहा कि हमें सिर्फ नौकरी के लिए जिंदगी नहीं जीनी चाहिए. वहीं पढ़ाई और जुनून के बीच संतुलन बनाना चाहिए. पीएम मोदी ने छात्रों को रिलैक्स करने की भी सलाह दी. उन्होंने कहा कि हमें केवल किताबों में व्यस्त नहीं रहना चाहिए; मुस्कुराना, हंसना चाहिए और पर्याप्त नींद लेनी चाहिए. पर्याप्त नींद लेने से आप प्रफुल्लित रहेंगे. नए व अच्छे विचार आएंगे.

### मध्यप्रदेश की महिला क्रिकेट खिलाड़ी का किया जिक्र

पीएम मोदी ने कहा कि आदिवासी देश की प्रगति व उननति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं. आदिवासी समाज के लोग प्रकृति की पूजा करते हैं, वे प्रकृति की रक्षा करते हैं. आदिवासी बेटे-बेटियों सर्वाधिक देश की सेना में भी हैं. अब कोई फर्क नहीं रहना चाहिए. उन्होंने हाल ही में क्रिकेट वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय महिला टीम का भी उल्लेख किया. उन्होंने मध्य प्रदेश की महिला क्रिकेट खिलाड़ी क्रांति गौड़ का जिक्र किया. प्रधानमंत्री ने बताया कि मध्य प्रदेश की क्रांति गौड़ एक आदिवासी बेटी है.

**बड़ी बातें**

- सांस इतनी लो कि शरीर भर जाए. कुछ लोग शरीर को सबसे अंत में प्राथमिकता देते हैं.
- सूर्योदय देखने से शरीर में ताजगी आती है. इसको आदत में शामिल करना चाहिए.
- पढ़ाई और जुनून के बीच संतुलन बनाए रखना चाहिए.
- सांस इतनी लो कि शरीर भर जाए. कुछ लोग शरीर को सबसे अंत में प्राथमिकता देते हैं.
- सूर्योदय देखने से शरीर में ताजगी आती है. इसको आदत बनाएं.
- पढ़ाई और जुनून के बीच संतुलन बनाए रखना चाहिए.
- कला और रचनात्मक शौक तनाव और थकान से राहत दिलाते हैं.

# नरवणे की अनपब्लिश्ड किताब के सर्कुलेशन पर एफआईआर

**नई दिल्ली, 09 फरवरी.** दिल्ली पुलिस ने सेना के पूर्व प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की अप्रकाशित पुस्तक के सोशल मीडिया पर लीक होने के मामले में सोमवार को एफआईआर दर्ज की है. पुलिस ने कहा, जांच करने पर पता चला कि इसी शीर्षक वाली और मेसर्स पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा तैयार की गई एक टाइप की हुई किताब की पीडीएफ कॉपी कुछ वेबसाइटों पर उपलब्ध है. इसके अलावा कुछ ऑनलाइन मार्केटिंग प्लेटफॉर्म ने तैयार पुस्तक के कवर को इस तरह दिखाया है कि जैसे वह बिक्री के लिए उपलब्ध हो. बता दें कि लोकसभा में उस समय हंगामा हो गया था जब विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने जनरल नरवणे की इस किताब का जिक्र किया था.

# ममता को सुको से झटका

- बंगाल के डीजीपी हलफनामा दाखिल करे: सुप्रीम कोर्ट
- एसआईआर में रुकावट नहीं करें राज्य

**नई दिल्ली, 09 फरवरी. सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि राज्यों में चल रही मतदाता सूचियों के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) में किसी को भी बाधा डालने की अनुमति नहीं दी जाएगी. कुछ अराजक तत्वों की ओर से निर्वाचन आयोग के नोटिस जलाने के आरोपों पर सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल के डीजीपी को हलफनामा दाखिल करने को कहा है.**

सुप्रीम कोर्ट ने निर्वाचन आयोग की इस दलील पर गौर किया कि अब तक उपद्रवियों के खिलाफ कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई है. सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट में दलील दी कि यह संदेश जाना चाहिए कि देश का संविधान सभी राज्यों पर लागू होता है. इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण संबंधी अंतिम निर्णय हमेशा मतदाता सूची अधिकारियों की ओर से ही लिए जाएंगे.

पश्चिम बंगाल सरकार ने कोर्ट को बताया कि असम जैसे पूर्वोत्तर राज्यों में इसी तरह के वोटर रिवीजन एक्सरसाइज नहीं किए जा रहे हैं और ईसीआई को बार-बार दिए गए रिप्रेजेंटेशन का कोई जवाब नहीं मिला है. इन दलीलों पर जवाब देते हुए सीजेआई की अध्यक्षता वाली बेंच ने भरोसा दिलाया कि सुप्रीम कोर्ट एक व्यावहारिक समाधान ढूंढेगा.

# सुपरटेक प्रोजेक्ट पूरे करेगा एनबीसीसी

- कोर्ट ने एनबीसीसी के अधिदेश को बरकरार रखा




**नई दिल्ली, 09 फरवरी. भारत के रियल एस्टेट और अवसंरचना क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक घटनाक्रम में, भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय कंपनी विधि अपील अधिकरण (एनसीएलएटी) के उस निर्णय को बरकरार रखा है.**

जिसके तहत नवरत्न सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड को सुपरटेक लिमिटेड की 16 अटकी हुई आवासीय परियोजनाओं को पूर्ण करने के लिए अधिकृत किया गया है। सर्वोच्च न्यायालय की अभिपुष्टि इन परियोजनाओं के लिए परियोजना प्रबंधन परामर्शदाता (पीएमसी) के रूप में एनबीसीसी की भूमिका को अंतिम कानूनी निश्चितता प्रदान करती है और इनके निष्पादन एवं पूर्णता के लिए एक स्पष्ट और बाध्यकारी ढांचा स्थापित करती है। यह निर्णय देश के सबसे बड़े संकटग्रस्त रियल एस्टेट पोर्टफोलियो में से एक के समाधान की दिशा में निर्णायक कदम है.

# तुर्की में एक टन से ज्यादा नशीले पदार्थ जब्त, 144 तस्कर गिरफ्तार

**इस्तांबुल.** तुर्की के गृह मंत्री अली येरलिकाया ने सोमवार को घोषणा की कि तुर्की पुलिस ने पिछले 10 दिनों में देश भर में चलाये गये अभियानों में 1.24 टन नशीले पदार्थ जब्त किए हैं और नशीली दवाओं की तस्करी करने वाले 144 संदिग्धों को हिरासत में लिया है. श्री येरलिकाया ने एक्स पर एक बयान में कहा कि इन छापों के दौरान पुलिस ने 18.3 लाख नशे की गोलियां भी जब्त कीं. मंत्री ने बताया कि 24 प्रांतों में चलाए गये इन अभियानों का समन्वय मुख्य सरकारी वकीलों और एंटी-नारकोटिक्स इकाइयों ने किया था.

# कार्यालय स्थानांतरित करने सरकार आजाद

**सुप्रीम कोर्ट ने उच्च न्यायालय के फैसले पर लगाई रोक**

**नई दिल्ली, 09 फरवरी. उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के उस आदेश को निरस्त कर दिया, जिसमें राज्य सरकार के हिमाचल प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग का मुख्यालय शिमला से कांगड़ा जिले के धर्मशाला स्थानांतरित करने के प्रस्ताव पर रोक लगायी गयी थी.**

न्यायालय ने कहा कि किसी संस्था के मुख्यालय का स्थानांतरण नीति से जुड़ा विषय है और इसमें न्यायिक हस्तक्षेप की गुंजाइश अत्यंत सीमित होती है. मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत, न्यायमूर्ति जॉयमल्या बागची और न्यायमूर्ति एन. वी. अंजारिया की पीठ ने कहा कि प्रथम दृष्टया यह स्पष्ट है कि किसी संस्था के मुख्यालय को स्थानांतरित करना एक नीतिगत निर्णय है. यह सामान्यत: न्यायिक समीक्षा के दायरे में नहीं आता, विशेषकर जब उसका प्रभाव व्यापक जनहित से जुड़ा हो. पीठ ने कहा कि चूंकि मामला अभी उच्च न्यायालय में लंबित है, इसलिए वह गुण-दोष पर कोई टिप्पणी नहीं कर रही है, लेकिन राज्य सरकार के लिए कार्यालय स्थानांतरित नहीं करने का कोई कारण नहीं है.

### न्यायालय परिसर में हिंसा की घटनाएं गुंडा राज


उच्चतम न्यायालय ने अदालत परिसर के भीतर हिंसा की घटनाओं की कड़ी निंदा करते हुए इसे गुंडा राज करार देते हुए कहा कि यह स्पष्ट रूप से विधि के शासन की विफलता है. न्यायालय दिल्ली के तीस हजारी अदालत परिसर के भीतर एक अधिवक्ता पर हुए कथित हमले के संबंध में एक उल्लेख पर सुनवाई कर रहा था. मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची व न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ को ऐसी घटना से अवगत कराया जो कथित तौर पर सात फरवरी को तीस हजारी कोर्ट में अतिरिक्त जिला न्यायाधीश हरजीत सिंह पाल की अदालत के सामने हुई थी.

# शरद पवार अस्वस्थ



**बारामती, 9 फरवरी.** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी-एसपी) प्रमुख शरद पवार की तबीयत अचानक बिगड़ने के बाद उन्हें पुणे के रूबी हॉल क्लिनिक में भर्ती कराया जाएगा। श्री पवार पिछले कुछ समय से खांसी की समस्या से जूझ रहे थे और अस्वस्थ महसूस कर रहे थे। बारामती में रहते हुए उनकी तबीयत में अधिक असहजता बढ़ गई.

# इसरो ने ढूंढा चंद्रयान-4 के लिए लैंडिंग साइट, सैंपल भी लाएगा



**नई दिल्ली, 09 फरवरी. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है. दरअसल, इसरो ने अपने आगामी चंद्र मिशन चंद्रयान-4 के लिए साउथ पोल के पास एक लैंडिंग साइट तलाश की है.**

पुराने मून मिशन खासकर चंद्रयान-2 के ऑर्बिटर से प्राप्त तस्वीरों के आधार पर वैज्ञानिकों ने मॉन्स माउटन (एमएम-4) को लैंडिंग के लिए सबसे सेफ साइट बताया है. मॉन्स माउटन, चंद्रमा के साउथ पोल पर स्थित एक 6000 मीटर ऊंचा पहाड़ है, जिसका सरफेस लगभग समतल है. यहीं वजह है कि चंद्रयान-4 की लैंडिंग के लिए इसे सबसे सही माना जा रहा है. लैंडिंग साइट को लेकर अंतिम फैसला लॉन्चिंग के समय लिया जाएगा. इसरो के वैज्ञानिकों के मुताबिक इस साइट को चुने जाने की एक वजह यह भी है कि यहां लंबे समय तक सूर्य की रौशनी रहती है. इसके साथ ही इस एरिया में वाटर आइस मिलने की भी प्रबल संभावना है. एमएम-4 साइट पर 11-12 दिनों तक लगातार सूर्य की रोशनी मिलने की संभावना है.

# टी20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान-भारत से खेलने को हुआ राजी

**इस्लामाबाद.** टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाला बहुप्रतीक्षित मुकाबला अब तय कार्यक्रम के अनुसार ही खेला जाएगा. यह मैच 15 फरवरी को कोलंबो में होगा. लाहौर में हुई इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड की त्रिपक्षीय बैठक के बाद इस मुद्दे पर सहमति बन गई है. रिपोर्ट के मुताबिक, भारत-पाकिस्तान मैच अपने तय शेड्यूल पर ही खेला जाएगा. ये अभी तय नहीं है. बैठक के बाद यह भी साफ हो गया है कि मैच के बहिष्कार की धमकी देने वाले पाकिस्तान को इस लंबी और मैराथन बैठक से कोई बड़ा फायदा नहीं मिला.

# भागलपुर न्यायालय को बम से उड़ानें की धमकी, सुरक्षा बढ़ाई




**भागलपुर, 09 फरवरी. बिहार में भागलपुर व्यवहार न्यायालय को सोमवार को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद न्यायालय परिसर की सुरक्षा और बढ़ा दी गई है.**

भागलपुर के वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव ने आज यहां बताया कि भागलपुर व्यवहार न्यायालय के प्रशासनिक प्रभारी द्वारा ई-मेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी की सूचना मिलते ही सुरक्षा के मद्देनजर परिसर में आमलोगो के प्रवेश पर रोक लगाते हुए बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है. उन्होंने बताया कि नगर पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस उपाधीक्षक ने अतिरिक्त पुलिस बल और बम निरोधक दस्ता के साथ मौके पर पहुंच कर न्यायलय परिसर में तलाशी अभियान चलाया. इस दौरान कोई संदिग्ध वस्तु के मिलने की सूचना नहीं मिली है. स्थिति बिल्कुल शांतिपूर्ण है और पुलिस धमकी वाले ईमेल की जांच पड़ताल कर रही है.

# ओम बिरला के खिलाफ विपक्ष की तैयारी

- लोकसभा में हंगामा- विपक्ष ला सकता है अविश्वास
- राहुल गांधी को बोलने न देने पर संसद में संकट बढ़ा

**नई दिल्ली, 09 फरवरी. लोकसभा के स्पीकर ओम बिरला एक बार फिर से विपक्षी दलों के निशाने पर आ गए हैं. उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी में है. इसके लिए सांसदों का हस्ताक्षर शुरू हो गया है. विपक्ष का आरोप है कि स्पीकर ने सदन की कार्यवाही में पक्षपाती रवैया अपनाया है और विपक्ष की आवाज को दबाया है.लेकिन स्पीकर्स के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के खिलाफ विपक्षी दलों बहुमत नहीं है.**

अविश्वास प्रस्ताव पास होने के लिए कम से कम 50 सदस्यों का समर्थन आवश्यक होता है और बहुमत से पारित होना चाहिए. लोकसभा स्पीकर के खिलाफ अब तक 3 अविश्वास प्रस्ताव आए हैं, सभी प्रस्ताव सदन में बहस के बाद खारिज किए गए हैं. कांग्रेस की महिला सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर उन पर सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दबाव में विपक्षी महिला सांसदों के खिलाफ झूठे, निराधार और अपमानजनक आरोप लगाने और विपक्ष के संसदीय अधिकारों की रक्षा करने में विफल रहने का आरोप लगाया है.

### सदन में आते ही वापस लौटने पर होता है बहुत दुख



कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि यह बहुत दुखद स्थिति है कि लोकसभा नहीं चल रही है और सदन में आते ही उन्हें वापस लौटना पड़ता है. श्रीमती वाड्रा ने लोकसभा की कार्यवाही दोपहर दो बजे दिनभर के लिए स्थगित होने के बाद संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा कि सदन में विपक्ष के नेता को बोलने नहीं दिया जाता है और सदन नहीं चल रहा है यह बहुत ही दुख की बात है.

## एक नजर में



### मुख्यमंत्री धामी से प्रसून जोशी ने शिष्टाचार भेंट की

**देहरादून.** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से सोमवार को मुख्यमंत्री आवास में केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) के अध्यक्ष, प्रख्यात लेखक, कवि एवं गीतकार प्रसून जोशी ने शिष्टाचार भेंट की. मुख्यमंत्री श्री धामी ने प्रसून जोशी के साहित्य एवं सिनेमा के क्षेत्र में दिए गए उल्लेखनीय योगदान की सराहना की तथा कला, संस्कृति, साहित्य एवं सिनेमा से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की. इस अवसर पर उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत, लोक कला, लोक संगीत तथा राज्य में फिल्म निर्माण की संभावनाओं पर भी विचार-विमर्श किया गया. मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड सरकार राज्य को फिल्म निर्माण एवं शूटिंग के अनुकूल केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है तथा इसके लिए आवश्यक नीतिगत सहयोग एवं सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं.

### स्वास्थ्य शिविर का मुख्यमंत्री ने किया उद्घाटन

**लखनऊ.** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बजट सत्र की शुरुआत से पूर्व विधान भवन में आयोजित स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन किया.



यह स्वास्थ्य शिविर उत्तर प्रदेश विधान सभा और विधान परिषद सदस्यों के लिए लगाया गया है, जिसमें केजीएमयू के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है. उद्घाटन के अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष, उप मुख्यमंत्री, मंत्रियों एवं जनप्रतिनिधियों ने भी अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया. मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट सत्र के दौरान उत्तर प्रदेश विधानमंडल के सभी सदस्यों के स्वास्थ्य परीक्षण के उद्देश्य से स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा यह शिविर आयोजित किया गया है. यह शिविर माननीय सदस्यों के साथ-साथ विधान भवन में उपस्थित अन्य लोगों की सुविधा के लिए भी उपलब्ध रहेगा.

### मेटा-व्हाट्सएप प्राइवेसी पॉलिसी केस में सुनवाई टली

**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मेटा प्लेटफॉर्म्स और व्हाट्सएप की उन याचिकाओं पर सुनवाई 23 फरवरी तक के लिए टाल दी है, जिनमें भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग के फैसले को चुनौती दी गई थी. यह मामला व्हाट्सएप की विवादित प्राइवेसी पॉलिसी और कंपनी पर लगाए गए 213.14 करोड़ रुपये के जुर्माने से जुड़ा है. यह सुनवाई भारत में डिजिटल नागरिकों के डेटा अधिकारों और बिग टेक कंपनियों के एकाधिकार को लेकर चल रही कानूनी लड़ाई का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है. प्रधान न्यायाधीश सूर्य कांत की अगुवाई वाली पीठ ने स्पष्ट किया है कि वह 23 फरवरी को इस मामले में अंतरिम आदेश पारित करेगी.

# जापान : चुनाव में एलडीपी की एकतरफा जीत



**टोक्यो, 09 फरवरी. जापान में रविवार को हुए आम चुनाव में सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) और जापान इनोवेशन पार्टी (जेआईपी) के गठबंधन ने निचले सदन में दो-तिहाई से अधिक बहुमत हासिल कर लिया है.**

सरकारी प्रसारक एनएचके ने सोमवार तड़के यह जानकारी दी. एनएचके के अनुसार, सत्तारूढ़ गठबंधन ने कुल 352 सीटें जीतीं, जो निचले सदन में पारित लेकिन उच्च सदन (हाउस ऑफ काउंसिलर्स) द्वारा खारिज किसी विधेयक को पुन: पारित कराने के लिए आवश्यक दो-तिहाई बहुमत से अधिक है. एलडीपी के पास चुनाव से पहले 198 सीटें थीं. पार्टी ने अपने दम पर ही 465 सदस्यीय निचले सदन में दो-तिहाई बहुमत प्राप्त कर लिया और कुल 316 सीटें जीतीं. वहीं, जूनियर सहयोगी जेआईपी के लिए परिणाम अपेक्षाकृत कमजोर रहे. पार्टी ने निचले सदन में अपनी पूर्व 34 सीटों के मुकाबले केवल दो सीटों की बढ़ोतरी की है. एनएचके के मुताबिक, एलडीपी के अकेले बहुमत में होने से गठबंधन में जेआईपी का प्रभाव कम होने की संभावना है.

जनवरी में कांस्टीट्यूशनल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ जापान और कोमेटो पार्टी के संगम से बने मुख्य विपक्षी दल सेंट्रिस्ट रिफॉर्म अलायंस को भारी नुकसान हुआ है. गठबंधन की सीटें 172 से घटकर 49 रह गयी हैं. विपक्षी गठबंधन के सह-नेता योशिहिको नोदा और तेत्सुओ सैतो ने एनएचके को दिये संयुक्त साक्षात्कार में संकेत दिया कि वे इस हार की जिम्मेदारी लेते हुए पद छोड़ सकते हैं. पॉपुलिस्ट दल सानसेइतो ने 15 सीटें जीतीं, जबकि डेमोक्रेटिक पार्टी फॉर द पीपल ने 28 सीटें हासिल कीं. इस चुनाव में कुल 1,284 उम्मीदवारों ने 465 सीटों के लिए मुकाबला किया.

## आज का इतिहास

1666 इंग्लैंड के शहर लंदन में लगी भीषण आग में 13,200 घर क्षतिग्रस्त हो गये।

1836 मशहूर अमेरिकी राजनीतिज्ञ सैम ह्यूस्टन टेक्सास गणराज्य के नए राष्ट्रपति नियुक्त किए गए।

1839 चीन और ब्रिटेन के बीच प्रथम अफीम युद्ध की शुरुआत

1882 पहला अमेरिका श्रम दिवस परेड न्यूयॉर्क शहर में आयोजित किया गया।

1885 अमेरिका के इंडियाना स्थित फोर्ट वेयन में पहली बार गैसोलीन पंप की स्थापना

1887 इंग्लैंड के थिएटर रॉयल एक्सेटर में आग लगने से 186 लोगों की मौत।

# एप्स्टीन से संपर्क के खुलासे के बाद नॉर्वे की राजदूत का इस्तीफा



**ओस्लो, 09 फरवरी. नॉर्वे की जॉर्डन में राजदूत तथा इराक के लिए भी मान्यता प्राप्त मोना जूल ने अमेरिकी यौन अपराधी जेफ्री एप्स्टीन के साथ संपर्कों से जुड़े खुलासों के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया है.**

नॉर्वे के विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी. विदेश मंत्री एस्पेन बार्थ आइडे ने जूल के इस्तीफे को सही और आवश्यक बताते हुए कहा कि दोषसिद्ध यौन अपराधी के साथ उनका संपर्क निर्णयात्मक चूक को दर्शाता है और इससे इस पद के लिए आवश्यक भरोसे के स्तर को बहाल करना कठिन हो गया था. मंत्रालय के अनुसार, जूल को पिछले सप्ताह उनके कार्य दायित्वों से मुक्त कर दिया गया था, जबकि मंत्रालय उनके एप्स्टीन से संबंधों और संपर्कों की समीक्षा कर रहा था. मंत्रालय ने कहा कि जूल के इस्तीफे के बाद भी आंतरिक जांच जारी रहेगी, जिसमें सेवा के दौरान और सेवा से बाहर राज्य कर्मचारियों एवं अधिकारियों पर लागू नियमों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा. मंत्रालय ने यह भी बताया कि उसने उस अवधि के दौरान अंतरराष्ट्रीय शांति संस्थान को दिये गये अनुदानों और उससे हुए संपर्कों की समीक्षा शुरू की है.

# 54,000 करोड़ की डिजिटल धोखाधड़ी डकैती के समान

**नई दिल्ली, 09 फरवरी. सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को डिजिटल धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों पर कड़ी टिप्पणी करते हुए इसे 'सीधी डकैती या लूट' करार दिया और कहा कि इस तरह से 54,000 करोड़ से अधिक की रकम देश से निकाल ली गई है. शीर्ष अदालत ने इस गंभीर समस्या से निपटने के लिए व्यापक प्रणालीगत सुधार के निर्देश दिए हैं.**

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति एन वी अंजनिया की पीठ ने कहा कि डिजिटल धोखाधड़ी से निकाली गई राशि कई छोटे राज्यों के बजट से भी अधिक है. पीठ ने इस बात पर चिंता जताई कि इन अपराधों के पीछे या तो बैंकों के अधिकारियों की मिलीभगत हो सकती है या गंभीर लापरवाही.

शीर्ष अदालत ने गृह मंत्रालय (एमएचए) को निर्देश दिया कि वह भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई), बैंकों और दूरसंचार विभाग (डॉट) जैसे हितधारकों से परामर्श कर एक स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) तैयार करे, जिससे डिजिटल धोखाधड़ी और डिजिटल अरेस्ट जैसे मामलों से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके.

**बैठक** | मुख्यमंत्री ने की कुम्भ मेला की तैयारियों की समीक्षा की

# निर्माण कार्य की गुणवत्ता का ध्यान रखें : धामी



**जयपुर, 09 फरवरी. मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को सचिवालय स्थित वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली सभागार में कुम्भ मेला-2027, हरिद्वार की तैयारियों के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक की.**

इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कुंभ से संबंधित सभी तैयारियों को अक्टूबर माह तक पूरा किया जाए. साथ ही कुंभ की आवश्यकताओं को देखते हुए सभी प्रकार के निर्माण कार्य तय समय के अंदर पूरे हों. सभी निर्माण कार्य की गुणवत्ता का भी विशेष ध्यान रखा जाए. शासन स्तर पर कुंभ से संबंधित कोई भी कार्य/फाइल लंबित न रहे. किसी भी कार्य को लंबित रखने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदही तय की जाएगी. मुख्यमंत्री ने कहा राज्य सरकार की प्राथमिकता है की कुंभ मेले का दिव्य आयोजन हो. मुख्यमंत्री ने सचिव, पीडब्ल्यूडी को अगले 24 घंटे के अंदर कुंभ मेले के लिए टेक्निकल पद के अधिकारियों की नियुक्ति के निर्देश दिए.

उन्होंने कहा श्रद्धालुओं के लिए हर की पैड़ी के साथ ही अन्य सभी घाटों में भी स्नान की व्यवस्था की जाए. मुख्यमंत्री ने कहा कि मेला क्षेत्र की स्वच्छता के लिए विस्तृत कार्य योजना तैयार की जाए. सभी प्रमुख स्थानों पर शौचालय और पीने के पानी की व्यवस्था हो. पर्याप्त मात्रा में सुरक्षा बलों, जल पुलिस की तैनाती हो. साथ ही सुरक्षा के मद्देनजर ड्रोन, सीसीटीवी एवं अन्य आधुनिक उपकरणों का उपयोग भी हो.